मेरा सपना हमेशा जापान को विश्व कप जीतते देखना रहा है और उन्हें विश्वास है कि भविष्य में जापान यह उपलब्धि जरूर हासिल करेगा।

- वातारु एंडो

जापान फुटबॉल के कप्तान, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

बिल्टन सम्पायो

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज हो चुका है, लेकिन पहले ही मुकाबले में पूरी दुनिया की निगाहें गोल करने वाले खिलाड़ियों से ज्यादा मैच के रेफरी पर टिक गईं। एस्टाडियो एज़्टे स्टेडियम में मेजबान मेक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हरा तो दिया, लेकिन इस ओपनिंग मैच में असली सुर्खियां बटोरीं ब्राजील के रेफरी विल्टन सम्पायो ने। सम्पायो ने इस हाई-वोल्टेज मैच में एक या दो नहीं, मैच के दौरान लिए गए कई अनुशासनात्मक फैसलों ने इस मुकाबले को हाल के समय के सबसे हंगामेदार वर्ल्ड कप ओपनिंग मैचों में से एक बना दिया।

क्या आप जानते हैं ?... पहली बार फुटबॉल विश्व का आयोजन 1930 में उरुग्वे में हुआ था।

मशहूर भारतीय शूटर और कोच जसपाल राणा का निधन

नई दिल्ली, 12 जून। मशहूर भारतीय शूटर और कोच जसपाल राणा का आज निधन हो गया है। 49 वर्षीय राणा, जिन्होंने एक बेहतरीन शूटर के तौर पर देश का नाम रोशन किया और बाद में कोच के रूप में युवा प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाई, का निधन दिल से जुड़ी समस्याओं के कारण हो गया। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित खेल जगत की कई हस्तियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

जसपाल राणा कौन थे - राणा को भारत के बेहतरीन पिस्टल शूटर्स में से एक और बाद के सालों में देश के सबसे प्रभावशाली कोचों में से एक माना जाता था। हाल के समय में उन्हें मुख्य रूप से मनु भाकर की सफलता के पीछे के व्यक्ति के तौर पर जाना जाता है - उन्हीं की देखरेख में भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए दो मेडल जीते और खेलों में देश की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनीं। एक खिलाड़ी के तौर पर, राणा ने एक दशक से भी ज़्यादा समय तक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शूटिंग में अपना दबदबा बनाए रखा। वह कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में सबसे ज़्यादा मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं; उन्होंने 1994, 1998, 2002 और 2006 के चार संस्करणों में मेडल जीते। एक खिलाड़ी के तौर पर उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2006 के दोहा एशियाई खेलों में रहा, जहाँ उन्होंने तीन गोल्ड मेडल जीते और 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल इवेंट में वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की।

दौसा महिला टीम ने टी-20 टूर्नामेंट में प्री-क्वालीफाई किया

जयपुर, 12 जून। आरसीए द्वारा आयोजित सीनियर महिला टी-20 चैंपियनशिप 2026-27 के तीसरे मुकाबले में हनुमानगढ ने दौसा को 3 रन से हराया लेकिन अच्छी रन रेट और शानदार प्रदर्शन से दौसा टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल में किया क्वालीफाई'' जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि सीनियर महिला 20 चैंपियनशिप जिसके लीग मैच अलवर में सूरत क्रिकेट ग्राऊण्ड पर आयोजित किये जा रहे हैं दौसा का आज तीसरा लीग मुकाबला रोमांचक हुआ जिसमें हनुमानगढ ने दौसा की टीम को 3 रन से परास्त किया।

आर.डी. बाहेती मेमोरियल जिला बैडमिंटन 22 जून से

जयपुर, 12 जून। आर डी बाहेती मेमोरियल जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता 22 जून से 28 जून तक खेली जाएगी। जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत व आर डी बाहेती के पुत्र प्रदीप बाहेती भूतपूर्व राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुसार जयपुर जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता हास्य सम्राट व खेल प्रेमी स्वर्गीय आर डी बाहेती की स्मृति में आयोजित होगी । यह प्रतियोगिता 22 जून से 28 जून तक जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम पर सब जूनियर ,जूनियर, सीनियर व वेटरन कैटेगरी में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता द्वारा जयपुर टीम का सिलेक्शन होगा तथा इसमें एंट्री भेजने की अंतिम तिथि 21 जून शाम 5:00 बजे तक रहेगी । प्रतियोगिता में एकल ,युगल तथा मिश्रित युगल के मैच खेले जाएंगे वह विजेताओं को सर्टिफिकेट मोमेंटो व ट्रॉफी दी जाएगी।

शिफान के शानदार शतक से रेलवे अकादमी ने शास्त्री अकादमी को 52 रनों से हराया

जयपुर, 12 जून। जयपुर के स्थानीय गणपति नगर रेलवे ग्राउंड पर चल रहे 9 हाजी गनी बाबा 20 टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में रेलवे अकादमी ने शास्त्री अकादमी को 52 रन से हराया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे ने रिकॉर्ड 279/5 रन बनाए। जिसमें शिफान खान ने 151 (53) रन व गौरव मीणा ने 55 (22) रन व अर्णव वशिष्ठ ने 36 रन की पारी खेली। शास्त्री की ओर से गेंदबाजी में हर्ष, अल्तमाज, मंत्राज और रिहान ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में शास्त्री अकादमी 19.1 ओवर में 227/10 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें रिहान अली ने 57 रन व महेश अधिकारी ने 53 रन व हर्ष सैनी ने 39 रन की पारी खेली। रेलवे की ओर से गेंदबाजी में गौरव मीणा ने 4 विकेट लिए व अर्णव वशिष्ठ ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच शिफान खान को चुना गया।

क्रीड़ा परिषद के कर्मचारियों ने परिषद के अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

जयपुर, 12 जून। कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद को कर्मचारियो की परेशानियो के बारे में अवगत कराया। राठौड़ ने सेवानिवृत कर्मचारियों को गत तीन माह से पेंशन का भुगतान नही होने के बारे में जानकारी दी। पेंशन परिलाभ नहीं दिये जाने का कारण भी पूछा। महासंघ के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारियो ने भी विभिन्न मांगो के बारे में अवगत कराया। पोकर मल, श्याम वीर सिंह नाथावत, करण सिंह शेखावत, राजनारायण शर्मा, निरंजन पारीक, उर्मिला पोकर, विशाल सिंह खेल अधिकारी बारां (मेजर ध्यानचन्द जी का पौत्र) रणविजय सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, गोपाल सैनी ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी आदि कर्मचारीगणो ने प्रवीण गुप्ता अतिरिक्त मुख्य सचिव से वार्ता की। गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजकेश मीणा से बात की एवं वित्त विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी एक्सपेंडिचर ललित को तुरन्त फोन करके सेवा निवृत अधिकारियों और कर्मचारियों को पेंशन रोकने के बारे में जानकारी ली और उनका आदेश दिया।

फीफा विश्व कप 2026

उद्घाटन मुकाबले में मैक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया

मेक्सिको सिटी, 12 जून। फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले में मेक्सिको ने घरेलू दर्शकों के सामने दमदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर अभियान की विजयी शुरुआत की। एस्टादियो एज़्टेका में गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में दूसरे हाफ में घटनाओं की भरमार रही और कुल तीन खिलाड़ियों को लाल कार्ड दिखाए गए।

मेक्सिको ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और नौवें मिनट में विश्व कप 2026 का पहला गोल देखने को मिला। दक्षिण अफ्रीका की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाते हुए जूलियन क्विनोनेस ने करीब से गेंद को गोल में पहुंचाकर इतिहास रच दिया। इस गोल के बाद एज़्टेका स्टेडियम दर्शकों के उत्साह से गूंज उठा। दूसरे हाफ की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें और बढ़ गईं। 49वें मिनट में याया सिथोले को सीधे लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। उन्होंने ब्रायन गुटिरेज़ को गोल करने की स्थिति में रोकने का प्रयास किया था, जिसे रेफरी ने स्पष्ट गोल अवसर रोकना माना। संख्यात्मक बढ़त का फायदा उठाते हुए मेक्सिको ने 67वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। अनुभवी स्ट्राइकर राउल जिमेनेज़ ने शानदार गोल कर टीम को 2-0 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका की स्थिति और खराब तब हुई जब मैच के अंतिम चरण में थेम्बा ज्वाने को भी लाल कार्ड मिला और टीम नौ खिलाड़ियों तक सिमट गई। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में मेक्सिको को भी झटका लगा जब 90 मिनट के बाद सेसर मोंटेस को लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेजा गया। मेक्सिको ने इस जीत के साथ विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की और घरेलू मैदान पर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए।

ह्वांग इन बोम के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत द. कोरिया ने चेक गणराज्य को 2-1 से हराया

ग्वाडलाहारा, 12 जून। फीफा विश्व कप 2026 के मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की।

ग्वाडलाहारा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह खेले गए इस मुकाबले में ह्वांग इन-बोम एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायता देकर जीत के नायक बने। पहले हाफ में दोनों टीमें अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकीं और दर्शकों ने निराशा भी जताई। गोलरहित पहले हाफ के बाद मुकाबले में जान दूसरे हिस्से में आई। 59वें मिनट में चेक गणराज्य ने बढ़त बनाई। कप्तान लादिस्लाव क्रेज़ी ने पेनल्टी क्षेत्र में मिले लंबे थ्रो को हेडर के जरिए गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि दक्षिण कोरिया ने जल्द ही वापसी की। 67वें मिनट में ह्वांग इन-बोम ने शानदार व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो रक्षकों को छकाया और शानदार गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ह्वांग ने दाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर ओ ह्योन-ग्यू ने गोल कर दक्षिण कोरिया को निर्णायक बढ़त दिला दी। स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन की अगुआई में दक्षिण कोरिया ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और चेक टीम पर लगातार दबाव बनाया। फीफा रैंकिंग में 25वें स्थान पर मौजूद कोरिया ने 38वीं रैंकिंग वाली चेक टीम की तुलना में अधिक मौके बनाए और अंततः जीत हासिल की।

फुटबॉल कम, लाल कार्ड का ड्रामा ज्यादा, फीफा के नए टूर्नामेंट पर उठे सवाल

मेक्सिको सिटी, 12 जून। विश्व कप 2026 का पहला मुकाबला खत्म होने के बाद फुटबॉल जगत में केवल मेक्सिको की जीत की चर्चा नहीं हो रही है, बल्कि मैदान पर दिखे लाल कार्ड, एकतरफा खेल और कई ऐतिहासिक घटनाएं भी सुर्खियों में हैं। मेक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, लेकिन यह मुकाबला कई ऐसे रिकॉर्ड छोड़ गया जिसने टूर्नामेंट की दिशा को लेकर नई बहस छेड़ दी है। बता दें कि विश्व कप के उद्घाटन मुकाबले में लाल कार्ड देखने की घटना बेहद दुर्लभ रही है। इससे पहले वर्ष 1994 में बोलीविया के मार्कफ एचेवेरी को जर्मनी के खिलाफ उद्घाटन मुकाबले में लाल कार्ड दिखाया गया था। वहीं सिथोले विश्व कप इतिहास में ऐसे चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने एक ही मुकाबले में गोल कराने वाली गलती भी की और लाल कार्ड भी देखा। दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी थेम्बा ज्वाने को भी वीडियो समीक्षा के बाद हिंसक व्यवहार का दोषी मानते हुए मैदान से बाहर भेज दिया गया। इसके बाद अतिरिक्त समय में मेक्सिको के सेसर मोंटेस को भी लाल कार्ड दिखाया गया।

केन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

वेलिंगटन, 12 जून। न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज और देश के सबसे सफल अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी केन विलियमसन ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 35 वर्षीय विलियमसन ने अपने 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों को मिलाकर 378 मैच खेले और 19,346 रन बनाए। उनके नाम 48 शतक और छह दोहरे शतक दर्ज हैं।

साल 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले विलियमसन ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था और अब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पूरी तरह विदाई ले ली है। संन्यास की घोषणा करते हुए विलियमसन ने कहा, मैंने इस बारे में काफी समय तक सोचा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में मुझे स्पष्ट हो गया कि अब यही सही समय है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए मेरे भीतर हमेशा एक मजबूत जुनून और भूख रही है।

सीनियर नेशनल तैराकी 16 से अहमदाबाद में, राजस्थान का दस सदस्यीय दल 22 स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगा

जयपुर, 12 जून। सीनियर नेशनल तैराकी प्रतियोगिता 16 से 21 जून तक अहमदाबाद के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में राजस्थान का 10 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा, जो कुल 22 स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेगा। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने बुधवार को यहां राजस्थान टीम की घोषणा करते हुए बताया कि टीम में पुरुष वर्ग में 6 और महिला वर्ग में 4 तैराक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान के ये तैराक पुरुष और महिला वर्ग की 11-11 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। अनिल व्यास ने बताया कि महिला वर्ग में योग्या खींची 100 और 50 मीटर फ्रीस्टाइल तथा 100 और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में हिस्सा लेंगी, जबकि दक्षिणा जोशी 50, 100 और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में अपनी चुनौती पेश करेंगी। रितिका चौधरी 200 और 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले के साथ 200 मीटर फ्रीस्टाइल में उतरेंगी, वहीं विधि सनाढ्य 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में मुकाबला करेंगी। व्यास ने बताया कि पुरुष वर्ग में कनिष्क नागर, मोहम्मद अनस 50, 100 और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, यश 50 और 100 मीटर फ्रीस्टाइल, कृष्णादित्य सिंह 50 और 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में भाग लेंगे, जबकि हिमांशु सियाग 800 मीटर फ्रीस्टाइल और 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले तथा सिरजन देओल 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन : सिंधु सेमीफाइनल में, तान्वी का सफर समाप्त

सिडनी, 12 जून। ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सिंधु ने चीनी ताइपे की चेन सू यू को एकतरफा अंदाज में 21-6, 21-9 से हराया। पूरे मुकाबले में सिंधु ने शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। हाल के महीनों में यह सिंधु की सबसे प्रभावशाली जीतों में से एक रही। अब सेमीफाइनल में सिंधु का मुकाबला जापान की शीर्ष वरीय खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा। दूसरी ओर भारत की युवा खिलाड़ी तान्वी शर्मा का शानदार अभियान क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया।

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला आज

धर्मशाला, 12 जून। विश्व के सबसे खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम में से एक एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को भारत और अफ़गानिस्तान के बीच भिड़ंत होगी। दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज का पहला मैच धर्मशाला के लश ग्रीन मैदान में खेला जाएगा। वनडे में टीम इंडिया के आगे भले ही अफगानिस्तान का रिकॉर्ड कोई खास नहीं रहा है लेकिन फिर भी इस मैच के रोमांचक होने की उम्मीद की जा रही है। डे नाईट पहले वनडे इंटरनेशनल मैच को लेकर न सिर्फ क्रिकेट प्रेमियों बल्कि खिलाड़ियों में भी खासा उत्साह है। धर्मशाला में देश भर सहित अफगानिस्तान से भी प्रशंसक दुनिया के बड़े क्रिकेट खिलाड़ियों को मैदान पर खेलते देखने के लिए पंहुच रहे हैं। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, कप्तान शुभमन गिल और कई अन्य भारतीय स्टार खिलाड़ी पहले ही धर्मशाला पंहुच चुके हैं, जिससे क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह और बढ़ गया है। इस नज़ारे में कुदरत का अपना शानदार मंच भी चार चांद लगा रहा है। उधर पिछले कुछ दिनों में धौलाधार

पर्वतमाला पर हुई ताज़ा बर्फबारी ने पहाड़ों के बैकग्राउंड को एक बेहद खूबसूरत नज़ारे में बदल दिया है। हरे-भरे मैदान के ऊपर बर्फ से ढकी चोटियों ने एक बार फिर दुनिया को याद दिलाया है कि धर्मशाला को दुनिया का सबसे खूबसूरत क्रिकेट वेन्यू क्यों माना जाता है। पहाड़ों की साफ़ हवा, सुहावने मौसम और हिमालय के बेमिसाल नज़ारों के साथ, कल का वनडे मैच सिर्फ़ एक क्रिकेट मैच से कहीं ज़्यादा यह खेल, संस्कृति, आध्यात्मिकता और प्रकृति का जश्न होगा। इस मौके पर बोलते हुए एचपीसीए के सचिव मनुज शर्मा ने कहा कि इंद्रुनाग देवता के आशीर्वाद से मैच की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और एसोसिएशन एक और यादगार इंटरनेशनल मैच की मेज़बानी करने के लिए उत्साहित है।

भारत का पलड़ा भारी, 4 में से 3 में मिली है जीत

वहीं भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले गए एकदिवसीय मैचों की बात करें तो अब तक इन दोनों टीमों के बीच चार एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं जिनमें भारत ने तीन में जीत हासिल की है जबकि एक मैच टाई रहा है। ऐसे में अफगानिस्तान अभी तक भारत के साथ हुए एकदिवसीय मुकाबलों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाया है।

60 साल का इंतजार खत्म करने उतरेगा इंग्लैंड

नई दिल्ली, 12 जून। फीफा विश्व कप 2026 में इंग्लैंड एक बार फिर उस खिताब की तलाश में उतरेगा जिसका इंतजार उसे 1966 के बाद से है। पिछली कई पीढ़ियों की तरह इस बार भी टीम प्रतिभा से भरपूर है, लेकिन फर्क इस बार नेतृत्व में दिखाई देता है। जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के मार्गदर्शन में इंग्लैंड नई सोच और स्पष्ट रणनीति के साथ मैदान में उतरने जा रहा है।

इंग्लैंड का फीफा विश्व कप में पहला मैच 18 जून को क्रोएशिया से होगा

ट्यूशेल की नियुक्ति शुरुआत में चर्चा और आलोचना का विषय रही, लेकिन उनके नेतृत्व में इंग्लैंड ने विश्व कप क्वालीफायर में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टीम ने आठ मुकाबले जीते और पूरे अभियान में एक भी गोल नहीं खाया। इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इस बार इंग्लैंड की सबसे बड़ी ताकत उसका संतुलित आक्रमण माना जा रहा है। कप्तान हैरी केन अब भी टीम के प्रमुख गोल स्कोरर हैं, लेकिन उनके आसपास मार्कस रैशफोर्ड, बुकायो साका, एंथनी गॉर्डन और मॉर्गन रोजर्स जैसे तेज और रचनात्मक खिलाड़ी मौजूद हैं। टीम की रणनीति केन की फिनिशिंग और उनके खेल निर्माण दोनों गुणों का अधिकतम उपयोग करने पर आधारित होगी। मिडफील्ड में डेक्लान राइस पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। उनके साथ युवा इलियट एंडरसन टीम को संतुलन देने की कोशिश करेंगे। वहीं जूड बेलिंघम से भी अहम भूमिका निभाने की उम्मीद रहेगी। हालांकि इंग्लैंड की चिंता रक्षा पंक्ति को लेकर बनी हुई है। जॉन स्टोन्स और रीस जेम्स चोटों से जूझते रहे हैं जबकि कई युवा खिलाड़ियों के पास बड़े टूर्नामेंट का सीमित अनुभव है। गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में बने हुए हैं।

नजर रखने लायक खिलाड़ी: हैरी केन - इंग्लैंड के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैरी केन एक बार फिर टीम की उम्मीदों का केंद्र होंगे। 2018 विश्व कप गोल्डन बूट जीत चुके केन इस बार खिताब के साथ अपने करियर को नई ऊंचाई देना चाहेंगे। यूरोप के सफल कोचों में शामिल थॉमस ट्यूशेल इससे पहले क्लब स्तर पर कई बड़े खिताब जीत चुके हैं।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल कुम्हेर, जिला डीग (राज0)

क्रमांक :– न.पा.कु./2026/629 दिनांक :– 10.06.2026

NOTICE OF INVITING BID NO 03 /2026-27

Bids for Door To Door Waste Collection, Segrigation and Transpotation in Municipal Areas are invited from interested bidders up to 06:00 PM 24.06.2026 Dated. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in)

NIB Code- DLB2627A2897

UBN CODE- DLB2627GLOB07170

Raj.Samwad/C/26/4713

EXECUTIVE OFFICER
MUNICIPAL BOARD KUMHER

कार्यालय नगर निगम, पाली (राज.)

(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड़–306401)

टेलीफोन :– 02932–250033 ई–मेल :–cmcpali@yahoo.co.in

क्रमांक : प.19( )गैराज/2026/594 दिनांक : 09.06.2026

:: ई–निविदा सूचना संख्या ...../2026–27

नगर निगम, पाली की ओर से पाली नगर निगम एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से गैराज शाखा पर दर अनुबंध के लिए ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो वेबपोर्टल www.sppp.raj.gov.in, www.eproc.rajastha.gov.in निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

जिसके UBN नम्बर DLB2627SLRC07032 है। आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/4700 नगर निगम, पाली

कार्यालय नगरपरिषद इगलावाड़ (राज0)

क्रमांक : न.परि.झा./SBM/2026/2198 दिनांक: 09.06.2026

-: Corrigendum II :-
(Nit No. 5/2026-27)

UBN No :- DLB2627SLOB05130

NIB Code :- DLB2627A1950

नगरपरिषद झालावाड़ द्वारा वित्तिय वर्ष 2026–27 में Recruitment of Consulting Firm for preparation of Pre-feasibility Report, Detailed Project Report including cost estimates, Tender Document for the project of increasing the capacity of STP, construction of pumping station, recycling of treated waste water & interception & diversion infrastructure के कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की गयी थी जिसमे निविदा प्रपत्र एवं शर्तो में संशोधन का विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त किये जा सकेंगे।

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/4684 नगरपरिषद् झालावाड

APOLLO COLLEGE OF VETERINARY MEDICINE

Agra Road Jaipur-302031 (Rajasthan) Website: www.apollovet.org

Email: apollovetjaipur@gmail.com Contact: 7005527322, 0141-2682335

RECRUITMENT OF TEACHING STAFF
ADVERTISEMENT NO. (02/2026)

Bio-data along with relevant documents are being invited for the following posts upto 25th June, 2026 either by speed post or by email apollovetjaipur@gmail.com. The applicant should have minimum qualifications of M.V.Sc. / Ph.D. in the concerned subject. The retired Professor may also apply.

NAME OF DEPARTMENTS	NAME OF POST		
	PROFESSOR	ASSOCIATE PROFESSOR	ASSISTANT PROFESSOR
VETERINARY ANATOMY	---	1	---
VETERINARY PHYSIOLOGY & BIOCHEMISTRY	---	---	1*
VETERINARY CLINICAL COMPLEX	---	---	1*
LIVESTOCK FARM COMPLEX	1	---	---

Note: 1. Assistant Professor - *Veterinary Biochemistry
2. Professors and Associate Professors should not exceed 70 years of age.
3. Send the biodata alongwith xerox copy of UG, PG, Ph.D. Degree, copy of experience certificate, copy of published articles etc.

DEAN

कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड़)

Email id : kotputliulb.jaipur@yahoo.com

क्रमांकः– न.प.कोट/2026–27/367 दिनांकः– 04.06.2026

ई–निविदा सूचना – न.पा.कोट./2026–27/364

नगरपरिषद कोटपूतली की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा website www.sppp.raj.in/eproc.rajasthan.gov.in से download कर देखी / प्राप्त की जा सकती है RTPP एक्ट की नियम और शर्त लागु होंगी जिसके NIB Code व UBN No. इस प्रकार है

S.NO	WORK S.NO.	SPPP UBN	NIB NO.
01.	1	DLB2627WSOB06347	DLB2627A2555
02.	2	DLB2627WSOB06348	DLB2627A2555
03.	3	DLB2627WSOB06349	DLB2627A2555
04.	4	DLB2627WSOB06350	DLB2627A2555
05.	5	DLB2627WSOB06352	DLB2627A2555
06.	6	DLB2627WSOB06353	DLB2627A2555
07.	7	DLB2627WSOB06354	DLB2627A2555
08.	8	DLB2627WSOB06355	DLB2627A2555
09.	9	DLB2627WSOB06356	DLB2627A2555
10.	10	DLB2627WSOB06357	DLB2627A2555
11.	11	DLB2627WSOB06358	DLB2627A2555
12.	12	DLB2627WSOB06359	DLB2627A2555
13.	13	DLB2627WSOB06360	DLB2627A2555
14.	14	DLB2627WSOB06361	DLB2627A2555
15.	15	DLB2627WSOB06362	DLB2627A2555
16.	16	DLB2627WSOB06363	DLB2627A2555

राज.संवाद/सी/26/4809 आयुक्त, नगरपरिषद् कोटपूतली

कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)

फोन नं0 07464–294024 ई–मेल आईडी np.karauli@yahoo.com

क्रमांक : 1482 दिनांक: 09.06.2026

ई–निविदा सूचना

कार्यालय नगर परिशद करौली द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्य के लिए धरोहर राशि के अनुमानित लागत पर संवेदक द्वारा (2%/0.5%) राशि एवं टैण्डर शुल्क 1000–रू. एवं प्रोसेसिंग शुल्क 500/–रू. पृथक–पृथक रूप से खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराना होगा। निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम	Reparing and Maintenance work of Led street lights in Nagar Parishad Karauli . (ARC)
निविदा की लागत	45.97 लाख
धरोहर राशि	प्रत्येक कार्य हेतु लागत का 2 प्रतिशत
निविदा शुल्क	1000/– रूपये
निविदा प्रोसेसिंग शुल्क	500/–रूपये
ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने /डाउनलोड की तारीख	दिनांक 12.06.2026 समय 12:00 पीएम से दिनांक 29.06.2026 समय 6:00 पीएम0 तक
ऑनलाईन निविदा फॉर्म व निविदा शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि	29.06.2026 समय 6:00 पीएम0 तक
ऑनलाईन बिड खोलने की तारीख	30.06.2026 समय 2:00 पीएम0
निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग वेबसाईट	http://eproc.rajasthan.gov.in/
कार्य की समयावधि	ARC(12 month)
UBN.-	DLB2627WSOB07144

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/4813 नगरपरिषद, करौली